Title: Need to solve acute drinking water problem in Ambala Parliamentary Constituency, Haryana.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) : महोदय, जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, वैसे ही मेरे लोक सभा क्षेत्र अम्बाला (हरियाणा) के शिवालिक पहाड़ियों के लगते क्षेत्रों जैसे कि मोरनी, नारायणगढ़, सठौंग, आदि में पानी का गंभीर संकट खड़ा हो जाता है। खेतों के लिए पानी तो दूर की बात, जनता को पीने के पानी की भी भारी कठिनाई पैदा हो जाती है। मैं अनुरोध करता हूँ कि सरकार इस बारे में कार्रवाई करे और जल-संसाधन मंत्री इस बारे में उचित कार्रवाई का आश वासन दें।